श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
30.01.2025
माघ शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 157

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम :27 डिग्री से.
न्यूनतम :13 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

जन समस्याओं से भागे गढ़वा विधायक : धीरज >> पेज 03
इसरो का बड़ा कीर्तिमान, 100वां मिशन सफल >> पेज 04

**सुविचार**

जमीन की खुदाई से प्राप्त होनेवाले सोने की तुलना में विचारों की खुदाई से ज्यादा सोना प्राप्त होता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### महाकुंभ भगदड़ में पलामू की महिला की भी मौत

**मेदिनीनगर।** उतरप्रदेश के प्रयागराज में 144 साल के बाद लगे महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में पलामू की एक महिला भी शामिल है। महिला रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव की रहने वाली है, जिसकी पहचान गायत्री देवी (60) अमरेश पांडेय की पत्नी के रूप में हुई है। महिला की बहन गंभीर हो गई। गायत्री देवी का एक बेटा सीआरपीएफ में है। वह प्रयागराज क्षेत्र में ही ड्यूटी पर तैनात है। महिला के शव को पलामू लाया जा रहा है। अमरेश पांडेय अपनी पत्नी गायत्री देवी और अपने रिश्तेदारों के साथ सोमवार को महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गये थे। सभी लोग मंगलवार दोपहर में कुंभ मेला क्षेत्र पहुंच गये थे। मौनी अमावस्या पर प्रातः स्नान के लिए मंगलवार की रात को त्रिवेणी संगम तट के किनारे बालू पर ही सो गये थे। इसी बीच, मंगलवार की देर रात डेढ बजे अचानक भगदड़ मच गयी। भगदड़ में गायत्री देवी भीड़ के नीचे दब गयीं और उनकी मौत हो गयी। अमरेश पांडेय ने बुधवार को बताया कि पत्नी के अलावा साढू गढ़वा के झूरा निवासी कयास दुबे और साली तेतरी देवी एवं अन्य रिश्तेदार कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। हम लोग मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए रात में ही संगम तट पर पहुंच गए थे। संगम किनारे सो रहे थे। इसी बीच रात करीब 1 से 2 बजे के बीच भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। भीड़ हमारे ऊपर से गुजरने लगी। पुरुष सदस्य तो किसी तरह बच गए, लेकिन महिलाएं भीड़ में कुचल गई। उसकी पत्नी गायत्री देवी की मौत हो गई, जबकि साली तेतरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। तेतरी देवी को पुलिस वाले एंबुलेंस से लेकर अस्पताल चले गए। उनकी हालत गंभीर है। अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# महाकुंभ में भगदड़ : 30 की मौत



**प्रयागराज :** महाकुंभ 2025 के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या बुधवार को एक दुखद हादसे का गवाह बना जब संगम तट पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी और 60 अन्य घायल हो गये। हादसे के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आयी और सात करोड़ से अधिक स्नानार्थियों ने तीर्थराज में पवित्र डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की। मौनी अमावस्या पर स्नान के लिये मंगलवार से ही प्रयागराज में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा था। रात होते होते करीब पांच करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे। इसके बावजूद ब्रह्म मुहुर्त में त्रिवेणी पर डुबकी लगाने को आतुर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम की रेती पर सो गये। इस बीच जिला प्रशासन के लोग श्रद्धालुओं से स्नान का आग्रह कर वापस जाने की अपील करते रहे जिसे अनसुना कर दिया गया। इस बीच रात एक से दो बजे के बीच बेरीकेडिंग तोड़ कर भीड़ दूसरी ओर आ गयी और वहां मौजूद लोगों को कुचलती हुई बढ़ गयी।







भगदड़ को भांपते ही ग्रीन कॉरिडोर बना कर 50 एबुंलेंस के जरिये 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया मगर अस्पताल में 30 लोगों की सांसे उखड़ गयीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये मृतक आश्रितों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया और घटना की जांच के लिये पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग के गठन की घोषणा की।

उधर, अखाड़ों ने भी दुखद घटना को देखते हुये अमृत स्नान के अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को रद्द कर दिया मगर बाद में मुख्यमंत्री योगी के अनुरोध पर अमृत स्नान सादगी से अपरान्ह शुरू हो सका। इस बीच श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आयी और लोगों ने नजदीक के घाट पर स्नान ध्यान कर मौनी अमावस्या पर परिवार और राष्ट्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गयी।

अधिकृत जानकारी के अनुसार शाम छह बजे तक करीब सात करोड़ लोग स्नान कर चुके थे और देर रात तक स्नान का क्रम जारी था। हादसे के बाद प्रयागराज से जुड़ी सीमाओं पर होल्डिंग एरिया बना कर वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था जिसे देर शाम चालू कर दिया गया। श्रद्धालुओं को कुंभ क्षेत्र तक पहुंचाने के लिये 300 से अधिक विशेष ट्रेने चलायी गयी थी जबकि राज्य परिवहन निगम की बसे सारा दिन श्रद्धालुओं को प्रयागराज पहुंचाती रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ नगर में हुये हादसे की पल पल की जानकारी लेते रहे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि मरने वालों में 25 की शिनाख्त कर ली गयी है जबकि पांच की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। कुछ घायलों के परिजन अपने मरीज को लेकर चले गये है जबकि 36 का इलाज स्थानीय मेडिकल कालेज में किया जा रहा है। उन्होने बताया कि ब्रह्म मुहुर्त से पूर्व प्रातः एक से दो बजे के बीच मेला क्षत्र में अखाडा मार्ग पर भारी भीड़ का दवाब बना और भीड़ के इस दवाब में दूसरी ओर के बेरीकेड टूट गये और लोग बेरीकेड फांद कर दूसरी ओर आ गये जहां श्रद्धालु ब्रह्म मुहुर्त का इंतजार कर रहे थे, भीड़ ने उन्हे नहीं देखा और उनको कुचलना शुरू कर दिया। यद्यपि प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुये भीड़ को काबू किया और एबुंलेंस से 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन इसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। कृष्ण ने बताया कि मरने वालों में से 25 की पहचान हो चुकी है जबकि अन्य की शिनाख्त की जानी बाकी है। इनमे से कर्नाटक के चार, असम और एक गुजरात का एक एक श्रद्धालु शामिल है। कुछ घायलों को परिवार के सदस्य लेकर चले गये हैं तथा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कालेज में चल रहा है। उन्होने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है जिस पर घायल के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस समय स्थिति पूरी तरह सामान्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पूज्य संतो, महामंडलेश्वरों से आग्रह किया गया है कि वे इस अमृत स्नानों के भागीदार बने। श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुये अखाड़ों ने अमृत स्नान किया जो सकुशल संपन्न हो गया है। श्री कृष्णा ने बताया कि अमृत स्नान पर्व में आज कोई वीवीआईपी अथवा वीआईपी प्रोटोकाल नहीं था और आगामी अमृत स्नान पर्व में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।

महाकुंभ में बेरीकेडिंग टूटने से हुये हादसे से दुखी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तमाम सुरक्षा उपाय करने के बावजूद भीड़ के दवाब में हुआ हादसा मार्महत करने वाला है। योगी ने कहा कि घटना की जांच के लिये हमने पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग गठित किया है जिसमें पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह शामिल हैं। इसके अलावा सरकार पुलिस से अलग से हादसे के कारणों की जांच करायेगी। सरकार प्रत्येक मृतक आश्रित को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी।

## पश्चिम सिंहभूम के सोनुवा थाना क्षेत्र में मुठभेड़

# एक महिला समेत दो नक्सली ढेर

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोनुवा थाना के विलायती टोला के समीप जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों की ओर से सुरक्षाबलों को देखकर गोलाबारी प्रारंभ कर दी गई। आत्मरक्षार्थ सुरक्षाबलों के जरिये भी जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली दस्ता के सदस्य पहाड़ एवं घने जंगल का लाभ लेते हुए भाग खड़े



हुए। मुठभेड़ के बाद आस-पास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष और एक महिला नक्सली का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही, हथियार बरामद किया गया। मृत नक्सलियों की पहचान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के जेडसीए विनय गंझू उर्फ संजय गंझू उर्फ बारिया उर्फ भुखन उर्फ संजय और एसीएम हेमन्ती मंझियाईन के रूप में की गयी। सर्च अभियान के दौरान दो इंसास रायफल, 313 जिंदा गोली, नौ इंसास का मैगजीन, पांच पीस मेट्रोला सेट, 28 डेटोनेटर, दो मैगजीन पाउच, चार पीस काला वर्दी पेन्ट सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि कि सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख रुपये का इनामी नक्सली अमित मुंडा अपने दस्ते के साथ हिंसक विध्वंसक नक्सली गतिविधियों के लिए सोनुआ इलाके में सक्रिय है। इस सूचना पर सुरक्षा बल सोनुआ थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र लोंजो नचलदा में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में शामिल ऑपरेशन टीमों को अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय चक्रधरपुर स्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन मुख्यालय में डीजीपी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ये नक्सली नहीं बल्कि गुंडे हैं, इनका बहुत जल्द सफाया हो जाएगा। इनके पास एक राइफल है, हमारे पास हजारों हैं, ये कब तक बचेंगे।






# चिकित्सा शिविर में 429 मरीजों की जांच

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** बीएसएल सेल बोकारो इस्पात संयंत्र के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के तत्वावधान में बुधवार को सीएसआर के तहत पंडरिया पंचायत के बेल पहाड़ी के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 429 मरीजों की जांच व दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम ने दीप जलाकर किया। मौके पर डॉ विजय राम ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और इस क्षेत्र के गरीबों और वंचित लोगों को मुक्त दावों का वितरण करना था। कहा कि सेल हमेशा से अपने कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कटिबद्ध रहा है। आगे भी इस तरह से क्षेत्र में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर इलाज और दवा मुफ्त में दी जायेगी। सेल भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम के द्वारा सभी व्यक्तियों की उचित जांच की दवा दी गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबंधक (खदान) मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। मौके पर सेल कर्मी मुकेश दुबे, अनिला मिंज, सरोज कुमारी, नजमुद्दीन अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कुंभ के भगदड़ में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक घायल

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत मझिआंव खुर्द वार्ड नंबर 4 निवासी सह गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह एवं उनकी पत्नी उषा देवी एवं साली कुंभ मेला में हुई भगदड़ में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। सभी घायलों का स्वरूप रानी अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायल नागेंद्र सिंह लगभग उम्र 55 वर्ष ने बताया कि मंगलवार की रात्रि लगभग 2:00 बजे अमृत स्नान के लिये त्रिवेणी संगम घाट पर लोगों की भीड़ जुट गई और आना जाना जारी रहा। जिससे बहुत लोग गिर गये और लोगों के उपर चढ़ते हुये भागने लगे और अफरा तफरी मच गई और उसी दौरान बड़ी हादसा हो गई। वहीं भगदड़ के दौरान मेरे ऊपर और पत्नी उषा देवी लगभग उम्र 48 वर्ष व मेरी साली के भी चढ़ते हुये गुजर गये, लेकिन मैं आशिंक रूप से घायल हूं पर ठीक हूं। साथ ही उन्होंने बताया कि पत्नी और साली कुसुम देवी उम्र लगभग 45 वर्ष प्रति संजय कुमार सिंह पलामू जिला के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वहां पर पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी को भी फोटो लेने पर रोक लगा दी है, तथा काफी मरीजों की संख्या है होने के कारण अभी इलाज करा रहे हैं। साथ ही उन्होंने वीडियो के माध्यम से घटनास्थल को भी दिखाया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों का इलाज जारी है।

## विरोध — कर्बला के नाम पर अतिक्रमण, आक्रोश

# सीओ को सौंपा आवेदन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड क्षेत्र के पकरी में कर्बला के नाम पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को अंचलाधिकारी बालेश्वर राम को सरकारी जमीन का अतिक्रमण रोकने को लेकर आवेदन सौंपा। अंचल अधिकारी ने कहा कि जमीन का नेचर जानकर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व की घटना को देखकर मामले में तत्परता दिखाई जाएगी। ग्रामीण लालमणि महतो, प्रमोद महतो, बाबूलाल, विजय पासवान, वशिष्ठ महतो, मनोज महतो, उपेंद्र शर्मा, सुरेंद्र महतो, संजय शर्मा, बसंत राम, महेंद्र मेहता, मदन मेहता समेत तीन दर्जन लोगों ने अंचलाधिकारी को बताया कि पकरी गांव में विशेष समुदाय के कुछ असामाजिक तत्वों के जरिये गैर मजरूआ जमीन खाता नंबर 83 प्लॉट नंबर 685 में अवैध रूप से दखल कब्जा करने की नियत से जेसीबी मशीन लगाकर 28 जनवरी मंगलवार से गड्ढा



खोदकर चाहरदीवारी निर्माण किया जा रहा है, जिसे रोकने की कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त जमीन पर वे लोग मवेशी चराने का काम करते हैं। दीवार देने से मवेशियों के चारागाह के साथ-साथ नदी किनारे दाह संस्कार पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि चाहरदीवारी देने में शामिल लोग इसके आड़. में गांव में हिंसा करना चाहते हैं। अप्रिय घटना की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इसी तरह वर्ष 1995 में ग्राम काजी पकरी में ही हो रहे कब्रिस्तान की चाहरदिवारी का विरोध किया गया था। मामला बिगड़ने पर हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बैठक की थी, लेकिन बैठक के दौरान ही विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा दूसरे पक्ष पर बम फेंक दिया गया था, जिसमें एक पक्ष के एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। आक्रोशित होकर लोगों ने मनातू बाजार करके लौट रहे विशेष समुदाय के लोगों पर हमला बोल दिया था एवं धारदार हथियार से वार कर चार से पांच लोगों की जान ले ली थी।

## डीसी ने की रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक



**मेदिनीनगर :** डीसी सह रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शशि रंजन ने बुधवार को रेडक्रॉस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी लेने के बाद पदाधिकारियों को जनकल्याण के कार्यों व गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। उन्होंने ब्लड बैंक को समृद्ध करने के लिये ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करने, आदिम जनजाति एवं सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाने, कपड़ा बैंक बनाकर जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कपड़ा वितरित करने, बुक बैंक तैयार कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच पुस्तक आदि पाठ्य सामग्री का वितरण कराने की भी बात कही। रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने मोक्ष यात्रा वाहन का रेट रिवाइज करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने, यूपीआई बनाने के साथ अगले तीन महीने तक कार्य करने के लिये एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से किये गये कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जनहित के कार्य–गतिविधियों में स्थानीय प्रशासन भी सहयोग करेगी। बैठक में रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ सत्यजित गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर अग्रवाल, सदस्य अखिलेश तिवारी, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, कमल जैन, उदय शंकर दुबे, आलोक माथुर उपस्थित थे।

## राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने पर लायंस क्लब ने एसपी को दी बधाई

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लोकसभा व विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये पलामू एसपी रिष्मा रमेशन को राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा सम्मानित किये जाने पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता कर रही लिली मिश्रा ने लोकतंत्र के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये श्रीमती



रमेशन को धन्यवाद दिया। लिली मिश्रा ने बताया कि महिलाएं अब कोई अबला नारी नहीं है। वे हर मोर्चे पर कदमताल को तैयार है। हमारी पलामू एसपी को दिया गया सम्मान के इसका पर्याप्त प्रमाण है। साथ ही आगामी समय में पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर सामाजिक हितार्थ विचार विमर्श हुआ। एसपी श्रीमती रमेशन ने लायंस क्लब सदस्यों को धन्यवाद करते हुये कहा कि आप सब पलामू में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। मैं लगातार न्यूज पेपर के माध्यम से देखती हूं। क्लब द्वारा थाना कैंपस में नेकी का दीवार का संचालन भी बहुत ही सराहनीय कदम है। क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि पलामू के एक शीर्ष पदाधिकारी को यह सम्मान मिलना पूरे पलामू के साथ साथ पूरे राज्य की महिला शक्ति के लिए गर्व की बात है। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों में सचिव निलेश चंद्र, वरुण जायसवाल, प्रियंका आनंद साहू, रंजीत कुमार मिश्रा शामिल थे।

## नवनिर्मित टोल प्लाजा पर गोली चालन की घटना में पुलिस को मिली सफलता

# दो अपराधी धराये, हथियार बरामद : एसपी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 के चुकरु स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा पर गोली चालन की घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, तीन जिन्दा गोली, एक खाली मैगजीन, प्लसर बाईक व दो मोबाईल फोन बरामद किया है। इस संबंध में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस



को सूचना मिली थी कि नवनिर्मित टोल प्लाजा पर गोली चालन की घटना में शामिल अपराधी रेडमा की ओर घूम रहे हैं। सूचना के बाद गठित टीम ने इस कांड में शामिल शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवाटीकर निवासी शुभम (23) पिता पंकज कुमार दुबे व आकाश कुमार उम्र (30) पिता सूरज राम को रेडमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों का अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया जिसमें उन्होंने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया और उनकी निशानदेही पर हथियार व घटना में प्रयुक्त सामान बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) निवासी सुमन सेन पिता नन्दू लाल सेन निसार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने कहा था कि भारत वाणिज्य ईस्ट प्राईवेट लिमिटेड न का निर्माण करा रही है। इस निर्माण में रंगदारी को लेकर चुकरू स्थित नव निर्मित टोल प्लाजा पर एक मजदूर को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी अभियुक्त राहुल सिंह लातेहार, मयंक सिंह, अमन साव गैंग व दो अज्ञात बाईक चालक के विरूद्ध सदर थाना कांड सं0 04/2025 दर्ज किया गया है। छापामारी दल में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि रंजीत कुमार व मनोज मुण्डा, पुलिस जवान वचन राम, सुधीर कुमार पासवान, राजकुमार सिंह, चालक आरक्षी सुरेन्द्र पाल, शहर थाना के टाईगर मोबाईल के जवान शामिल थे।

## कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन आज




**गढ़वा :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रांची के निर्देश पर 30 जनवरी गुरूवार को जिला कृषि कार्यालय गढ़वा अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन कृषि महाविद्यालय, गढ़वा (कृषि कार्यालय, गढ़वा के पीछे) के प्रागंण में किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने गढ़वा जिले के सभी कृषक बन्धुओं से अपने-अपने फसल प्रादर्श (कृषक उत्पाद) के साथ कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में भाग लेने एवं अपने उत्कृष्ट प्रादर्श के लिये पुरस्कार प्राप्त करने की बात कही है।

## भवनाथपुर के रेडिमेड व्यवसायी अबु धाबी में सम्मानित



**भवनाथपुर :** यूएई के अबु धाबी में आयोजित एनुअल डॉलर मीट कार्यक्रम में भवनाथपुर के प्रतिष्ठित रेडिमेड व्यवसायी कुमार रामचंद्रन उर्फ मुनू जायसवाल को सम्मानित किया गया। कम समय में उपलब्धि प्राप्त करने पर डॉलर कंपनी के मालिक विनोद गुप्ता के द्वारा उन्हें मोमेंटो पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बुधवार को कुमार रामचंद्रन जायसवाल ने बताया कि मेरे द्वारा भवनाथपुर, विशुनपुरा, रमना, कांडी, केतार, कोण, रामगढ़, विंढमगंज, नगर ऊंटारी, कचनरवा में डॉलर कंपनी का रेडिमेड का थोक समान सप्लाई किया जाता है, परिणाम यह रहा कि बहुत ही कम समय में डॉलर कंपनी से जुड़ी रेडिमेड गारमेंट्स का व्यवसाय को कंपनी के एक सप्लायर के तौर पर क्षेत्रों में एक अलग पहचान स्थापित की। मौके पर अमन जायसवाल, तन्नु जायसवाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## 26 दिनों से लापता महिला का नहीं मिला सुराग



**कांडी :** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलियानिजामत गांव निवासी सलीम अंसारी की पत्नी तस्लीमा बीबी का 26 दिनों के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। गुमसुदा महिला की सास सायरा बीबी ने 4 जनवरी को उक्त मामले को लेकर कांडी थाना में एक आवेदन देकर पुलिस को लिखित सूचना देते हुये खोजबीन करने की गुहार लगायी है। पुलिस को दिये आवेदन में कहा है कि हमारी पतोहू 3 जनवरी को सुबह में शौच करने को कह कर बिना घर मे किसी को सूचना दिये कहीं चली गयी। जब काफी देर के बाद भी वह वापस घर नहीं आयी तो हम घर के लोग आस पड़ोस व सगे संबंधियों के घर काफी खोजबिन किये लेकिन आज तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। हमारी बहु कहां और किस हाल में है पता नही चल पा रहा है। उसने मीडिया के माध्यम से फोटो जारी करते हुये कहा है कि अगर किसी को कुछ पता चले तो फोन नम्बर 7480075483 एवं 7557705266 पर सूचित किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के 336 आवेदन स्वीकृत

**मेदिनीनगर :** पलामू के कारीगरों एवं शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से लाभान्वित करने को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने योजना की समीक्षा के बाद लाभुकों को लाभान्वित करने की दिशा में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं योजना के तहत विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त 673 आवेदन पत्र जांच कर बैठक में प्रस्तुत किये गये। प्राप्त इन आवेदनों में से 336 आवेदन पत्र सही पाये गये। त्रुटिरहित आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुये राज्य को भेजने पर सहमति बनी, ताकि योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल सके। वहीं त्रुटिपूर्ण 337 आवेदनों को अस्वीकृत करते हुये निरस्त कर दिया गया। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजकुमार पासवान, जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक के प्रतिनिधि विनोद तिवारी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला समन्वयक चंद्रकांत पांडेय आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने आवास प्लस के सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में लिया कड़ा एक्शन



## चार जेई, पांच पंचायत सचिव व तीन रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण

## सर्वे कार्य समाप्ति तक वेतन/ मानदेय स्थगित

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** बीडीओ रौशन कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस के सर्वे कार्य में लापरवाही पर बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने चार जेई, पांच पंचायत सचिव एवं तीन रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण पूछा है। साथ ही अगले आदेश तक वेतन/ मानदेय स्थगित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। सर्वे कार्य की जिम्मेवारी पंचायत कर्मियों की है। बीडीओ के द्वारा सर्वे कार्य में तेजी लाने के लिये लगातार निर्देशित किया जा रहा। किंतु कर्मियों के द्वारा कार्य में कोई तेजी नहीं लाया गया। नतीजा सर्वे कार्य की गति काफी धीमी है। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में तेजी नहीं लाना कर्मियों के कर्तव्यहीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। बीडीओ नेकार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में जेई रणधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार एवं रवींद्र मिंज, पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, नंदकुमार मेहता, अमन कुमार केसरी, कुमारी सीमा, सरोती कुमारी, रोजगार सेवक वीरेंद्र प्रसाद यादव, मनीष कुमार चौबे एवं मनोज कुमार सिंह से स्पष्टीकरण पूछा है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि अगले आदेश तक सभी लापरवाह कर्मियों का वेतन/मानदेय कार्य समाप्ति तक स्थगित रहेगा।

### न्यूज अपडेट्स

## नवचयनित आंगनबाड़ी सेविका को मिला औपबंधित प्रमाण पत्र

**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरी गांव में नवचयनित आंगनबाड़ी केंद्र सेविका ममता कुमारी का आंगनबाड़ी केन्द्र सेविका चयन औपबंधिक प्रमाण पत्र मिलने के बाद ग्रामीणों ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गढ़वा तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी धुरकी द्वारा औपबंधिक प्रमाण पत्र मिलने के बाद विभाग का आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि धुरकी प्रखंड अति पिछड़ा क्षेत्र है। यहां के आदिवासी, दलित पिछड़े व मूलवासी बिल्कुल सीधे-साधे वह भोले भाले हैं। बताते चलें कि आंगनबाड़ी केंद्र सेविका चयन के लिये कई बार आम सभा हुई थी आमसभा में चयन के बाद भी प्रमाण पत्र बहुत देर से मिली। बता दें तत्कालीन बीडीओ सह प्रखंड समाज कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, बीडीओ सत्यम कुमार एवं थाना प्रभारी सदानंद कुमार, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, धुरकी पंचायत धुरकी मुखिया महबूब अंसारी, एएनएम शिक्षक प्रदीप राम की मौजूदगी में सेविका चयन का कार्य किया गया था। उम्मीदवार ममता कुमारी का सेविका के रूप में चयनित कर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गढ़वा को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आरोप ▶ जन समस्याओं से भागे गढ़वा विधायक

# वसूली के लिये पदाधिकारियों को दे रहे धमकी : धीरज

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद से ही सत्येंद्र नाथ तिवारी जानबूझकर क्षेत्र छोड़कर भागे हुये हैं। ताकि उन्हें जनता की समस्याओं से रूबरू ना होना पड़े। समस्या के समाधान के लिये आम जनता खुद को अनाथ महसूस कर रही है, भाजपा कार्यकर्ताओं का भी फोन विधायक नहीं उठा रहे हैं। चुनाव में सत्येंद्र नाथ तिवारी को वोट देकर जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। श्री दुबे ने कहा कि विधायक गढ़वा जिला से बाहर अपना ठिकाना बना चुके हैं। जिले में अपने कुछ रिश्तेदारों के माध्यम से थाना, प्रखंड एवं जिला के अधिकारी-पदाधिकारियों से महीना पहुंचाने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कार्यकाल के भांति पुनः इस कार्यकाल में अवैध बालू उठाव कर उत्तर प्रदेश भेजने तथा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न जगहों पर अवैध क्रशर प्लांट चलाने के लिये जिला अधिकारियों को मजबूर करने का प्रयास किया जा रहा है। कभी सरेआम पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जलाने की धमकी दी जा रही है तो कभी अधिकारियों की संपत्तियों की जांच कराने का गीदड़ भभकी दिया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया गया। ऐसा व्यवहार कर वह यहां के पदाधिकारियों को डरा-धमकाकर वसूली करने का रास्ता साफ करना चाहते हैं। परंतु झामुमो सरकार में उनकी यह मंशा कभी पूरी नहीं होने वाली है। श्री दुबे ने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की ऐसी दुर्दशा हो गई है कि वे खुद अपने हाथों से लोगों को विधायक प्रतिनिधि का पत्र सौंपते हैं और चंद मुट्ठी भर अपने कार्यकर्ताओं के दबाव में आकर इलाज का हवाला देते हुये सभी प्रतिनिधियों को निरस्त करने का फैसला लेना पड़ता है। ऐसे अक्षम, गैर जिम्मेदार और मजबूर विधायक गढ़वा की जनता पहली बार देख रही है। उन्होंने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के भगोड़ेपन वाला रवैया को देखते हुये गढ़वा की जनता समस्याओं के समाधान के लिये अभी भी पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर उम्मीदें लगाई हुई है। चुनाव हारने के बावजूद भी पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर क्षेत्र में सक्रिय होकर जनता के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं तथा सार्वजनिक कार्यक्रम में बखूबी भाग ले रहे हैं। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में युवाओं द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर वे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुये क्षेत्र की जनता दुष्प्रचार तथा भावनाओं में बहकर लिये हुये अपने निर्णय पर अफसोस कर रही है।

## भूटान में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा चुके संत मरियम के रौनक को चेयरमैन ने किया सम्मानित




**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने फुंटशोलिंग भुटान में आयोजित इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप के फाईट इवेंट में गोल्ड मेडल व एक लाख पुरस्कार विजेता रौनक कुमार को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। उस मौके पर चेयरमैन ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा कला की ज्ञान लेना जरुरी है। इसे भी पढ़ाई का एक विषय में शामिल किया जाय, ताकि विषम परिस्थितियों में हम इसका लाभ उठा सकें। आगे उन्होंने कहा कि पलामू जिला में प्रतिभा की कमी नहीं है बसरते एक अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता है जो कि समय-समय पर बच्चों को प्रेरित करने काम करता रहे, ताकि खेल के प्रति बच्चों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा बढ़े। विद्यालय ने अच्छे प्रशिक्षक रखकर बच्चों के प्रतिभा को निखारने का काम किया है। चयनित रौनक को मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सारा खर्च विद्यालय वहन करेगी। मौके पर उप प्रचार्य एसबी शाहा, कोडिनेटर अचला सिंह, मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, गायत्री दत्त, फरवीन खातुन, एकता सहाय, रेखा सिन्हा, चांदनी कुमारी, पल्ल्वी कुमारी, अंशु कुमारी, पुजा कुमारी, प्रिया सिन्हा, सुमित समेत कई अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में अग्रगति इंडिया रामगढ़ के सौजन्य से संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र सगमा की ओर से चयनित 60 बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय वित्तीय जागरूकता एवं आवश्यकता अधिकतम 900 शब्दों में निर्धारित था। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व जनार्दन प्रसाद यादव ने इसकी महत्ता के विभिन्न पहलुओं पर वर्णन करते हुये कहा कि इस निबंध प्रतियोगिता से बच्चों में लेखन कौशल में वृद्धि होती है। निबंध प्रतियोगिता को संपन्न कराने में वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रखंड समन्वयक जनार्दन प्रसाद यादव और प्रशिक्षिका ऐसून खातुन मुख्य भूमिका में रहे।

# डीसी ने मतदान केन्द्र की स्थापना के लिये की समीक्षा

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण के लिये डोर-टू-डोर सर्वे कार्यक्रम एवं मतदान केन्द्र की स्थापना (नगरपालिका) के लिये समीक्षात्मक बैठक की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मंझिआंव शैलेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर राज कमल समेत नगर मिशन प्रबंधक एवं नगर प्रबंधक गढ़वा तथा मास्टर ट्रेनर एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण के लिये सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा के लिये बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों यथा प्रकाशित वार्डवार सर्वेक्षण सूची/विखंडित मतदाता सूची (प्रपत्र-01) से संबंधित प्रतिवेदन, वार्डवार मतदाताओं का प्रतिवेदन (प्रपत्र-02), मृत, पलायन एवं दुबारा प्रविष्टि वाले मतदाता से सम्बन्धित प्रतिवेदन, छुटे हुये मतदाता से सम्बन्धित प्रतिवेदन, दावा-आपत्ति से संबंधित प्रतिवेदन, दावा-आपति निस्तारण से सम्बन्धित प्रतिवेदन, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा शिकायत निवारण पदाधिकारी का आधार, बैंक खाता एवं आईएफएससी कोड की विवरणी से सम्बन्धित प्रतिवेदन, पूर्व से निर्धारित मतदान केन्द्रों का सत्यापन से सम्बन्धित प्रतिवेदन, नये मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव से सम्बन्धित प्रतिवेदन एवं मतदान केन्द्रों पर बुनियादि सुविधा से सम्बन्धित प्रतिवेदन की मांग डीसी द्वारा की गई। साथ ही नगर निकाय चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये।

### कदवा उच्च विद्यालय में थाना प्रभारी की मौजूदगी में हुआ चुनाव

# प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने अखिलेश

बंशीधर न्यूज




**धुरकी :** विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बुधवार को कदवा उच्च विद्यालय के प्रांगण में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की मौजूदगी में पर्यवेक्षक विनोद राम, मेराज अहमद, कामेश्वर बैठा, विकास कुमार, गुलाम सरवर की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव हुआ। जिसमें अखिलेश विश्वकर्मा को अध्यक्ष, सीता देवी को उपाध्यक्ष, सुनिता देवी को संयोजिका चुना गया। जबकि सदस्य में उपेन्द्र कुमार राम, वेद प्रकाश यादव, संतोष भुईयां, सकेन्द्र भुईयां, हिरामन यादव, प्रिती कुंवर, इंता देवी, सकुंता देवी, सीता देवी आदि का चयन किया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, सुनील कुमार राम, ओमन कंडूला, मुखिया अंजु देवी का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। ग्रामीण रेवत यादव, भोला यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, अनिल यादव आदि ने बताया कि यह वही उच्च विद्यालय है जहां चार चार बार ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव को रद्द कर दिया था। ग्रामीणों में रोष देखते हुये जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को कड़ी प्रशासन की मौजूदगी में चुनाव कराया गया। सभी ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिये थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रंका प्रखंड कार्यालय स्थित विधिक सहायता केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्रामपुर पंचायत के सैकड़ों लोग ने राशन डीलर के खिलाफ आवेदन दिया है। पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे ने जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई के लिये अंचल अधिकारी रंका को समर्पित किया। जिसमें यह भी लिखा गया है कि यह मामला गरीबी उन्मूलन योजना से संबंधित है इस मामले में त्वरित कार्रवाई किया जाना न्यायोचित होगा। साथ ही एक दिव्यांग वृद्ध व्यक्ति को वैशाखी दिलाने के लिये अंचल अधिकारी से आदेश कराकर बाल विकास परियोजना कार्यालय रंका में दिया गया। साथ ही पीएलवी ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी देते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा से मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। मौके पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, अमरेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## अभिनेता रघु राम ने पत्नी के लिए छोड़ा धूम्रपान

'रोडीज' फेम एक्टर रघु राम ने हाल ही में अपनी इंटर-कास्ट मैरिज को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पत्नी के साथ रहने के लिए उन्होंने कुछ आदतें छोड़ दीं। अभिनेता रघु राम और नताली डि लुसियो ने 2018 में शादी की। उन्होंने तेलुगु, ईसाई और कुछ पंजाबी रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ एक अनोखा विवाह किया। हाल ही में एक कार्यक्रम में उन्होंने अपनी शादीशुदा जिंदगी के बारे में बात की। चूंकि रघु एक साउथ भारतीय हैं और नताली एक ईसाई है, दोनों ने शादी के लिए अलग-अलग लिस्ट बनाई थी। चूंकि, यह एक अंतरजातीय विवाह था, इसलिए उन्हें आधिकारिक पंजीकरण के लिए कोर्ट मैरिज भी करनी पड़ी। रघु ने इंटरव्यू में बताया कि उनके स्मोकिंग छोड़ने के पीछे नताली ही मुख्य वजह हैं। रघु बताते है कि नताली धूम्रपान नहीं करती है, इसलिए उसने सिगरेट छोड़ दी, रघु को सिगरेट की लत थी, वह हर दिन एक या दो पैकेट सिगरेट पी जाते थे। जो नताली को पसंद नहीं आई। रघु ने कहा कि इसीलिए उन्होंने धूम्रपान छोड़ दिया। रघु ने कहा कि जब उनकी और नताली की मुलाकात हुई तो उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। डेटिंग शुरू करने के बाद, उसे पता चला कि नताली धूम्रपान नहीं करती है और उसने कभी भी धूम्रपान करने वाले किसी भी व्यक्ति को डेट नहीं किया है। रघु ने बताया कि नताली को डेट पर ले जाने से पहले उन्होंने सिगरेट पी थी। फिर एक डेट पर नताली को किस करने के बाद उसे सिगरेट की गंध आई और उसके चेहरे से साफ था कि उसे यह पसंद नहीं आया। रघु को एहसास हुआ कि अगर वह नताली के साथ भविष्य चाहते है, तो उसे धूम्रपान छोड़ना होगा।

## 'डॉन-3' में एक्टर विक्रांत मैसी निभाएंगे विलेन का किरदार



रणवीर सिंग और कियारा अडवाणी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'डॉन-3' की मनोरंजन जगत में खूब चर्चा हो रही है। 2006 में रिलीज हुई शाहरुख की फिल्म 'डॉन' को भी काफी पसंद किया गया था। इसके बाद इस फिल्म का सीक्वल भी दर्शकों का पसंदीदा बन गया। इसके बाद कई सालों तक दर्शक 'डॉन' के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हाल ही में फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' की घोषणा की है और इसके बाद हर कोई काफी उत्साहित है। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई अपडेट सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'डॉन-3' में विलेन के रोल के लिए एक्टर विक्रांत मैसी को अप्रोच किया गया है। खलनायक की भूमिका के लिए अभिनेता को चुना गया है। तो 'डॉन-3' में रणवीर सिंग और विक्रांत मैसी कोंटे की टक्कर देखने को मिलेगी। लेकिन अभी तक फिल्म के मेकर्स या विक्रांत मैसी की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। विक्रांत मैसी के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में एक्टर विक्रांत मैसी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर सुर्खियों में थे। ये फिल्म 15 नवंबर को रिलीज किया गया था। इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। साथ ही इस फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा नजर आई थीं। इसके अलावा एक्टर ने 'सेक्टर 36', '12वीं फेल' और 'गैस लाइट', 'फॉरेंसिक' और 'हसीना दिलरुबा' जैसी फिल्मों में काम किया है।

**मौनी अमावस्या की पूर्व रात्रि संगम घाट पर सोये श्रद्धालु, जिन्हें सुबह भीड़ ने कुचल दिया**



# सलीमा व निक्की को हेमंत ने सौंपा भूखंड

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य और देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। राज्य सरकार ने आज आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के द्वारा इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है कि झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां सीमित संसाधनों में तैयारी कर इतनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसे मौकों पर देखने को मिला कि राज्य के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल पर फोकस करते हुए नई रास्ता तलाशने का काम किया है जिससे यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रांची में हॉकी के अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ-साथ कई बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक कर दिखाया है। ऐसे खेल आयोजनों से यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिल रहा है। खेल स्वस्थ मानसिकता को विकसित करने का एक बेहतर माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा किया कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ भले हमारी ये स्टार बेटियां आर्थिक रूप से मजबूत हुई हों, परंतु संघर्ष के दिनों में जब मैं इनके गांव-घर पहुंचा था तब इनकी आर्थिक स्थिति को देखा था, उसी समय किया गया वादा आज मैं पूरा कर रहा हूं। आज हमारी इन बेटियों को मिल रहा सम्मान राज्य के अन्य बेटियों एवं युवा वर्ग के लिए आशा और अवसर का प्रतीक बनेगा, इनसे प्रेरित होकर राज्य के अन्य खिलाड़ी अपने हुनर और प्रदर्शन को बेहतर करने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में राज्य की स्टार हॉकी प्लेयर सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के संघर्षों से सफलता की कहानी ऑडियो -विजुअल के माध्यम से दिखाई गई। इसमें हमारी भी कुछ तस्वीरें हैं, हमारी यह तस्वीरें उस समय की है जब हम सरकार में नही थे। इन बेटियों से हमारी मुलाकात तब हुई थी जब ये भी अपने मंजिल को हासिल करने के लिए मेहनत और संघर्ष कर रहे थे और मैं भी अपनी मंजिल को पाने के लिए संघर्ष और मेहनत कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ हम सभी अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहे और आज अपने-अपने मंजिल पर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े - बुजुर्गों ने हमें यह सिखाया है कि मेहनत हमेशा रंग लाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का कोई शॉर्टकट रास्ता नही होता है। मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से अपील किया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है तभी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा जा सकता है। आप सभी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, एक निर्धारित लक्ष्य के साथ आगे बढ़े हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी।

## इसरो का बड़ा कीर्तिमान, 100वां मिशन सफल

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष



अनुसंधान संगठन (इसरो) का ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण सफल रहा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में आज सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर एनवीएस-02 को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो ने इस कामयाबी को लेकर कहा कि भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। एनवीएस-02 उपग्रह को इसरो वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। यह स्वदेशी नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है। इसका वजन 2,250 किलोग्राम है। यह नई पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रहों में से दूसरा है। इसरो के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने वाले वी. नारायणन के लिए यह पहला प्रक्षेपण है। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्षेपण की निगरानी की। यह उपग्रह प्रक्षेपण भौगोलिक, हवाई और समुद्री नेविगेशन सेवाओं के लिए उपयोगी होगा। कृषि में प्रौद्योगिकी, विमान प्रबंधन, मोबाइल उपकरणों में स्थान-आधारित सेवाएं उपलब्ध करवाने सहयोग देगा। चेयरमैन नारायणन ने इस सफलता के लिए इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस साल किया गया पहला प्रयोग सफल रहा। एनवीएस-02 उपग्रह दस साल तक सेवा में रहेगा विक्रम साराभाई के समय से ही इसरो नए कीर्तिमान बना रहा है। नारायण ने कहा कि अब तक हमने लॉन्च वाहनों की छह पीढ़ियां विकसित की हैं। पहला प्रक्षेपण यान 1979 में डॉ. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में लॉन्च किया गया था।

**Hit लिस्ट**

## 29 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा/नारायणपुर।** राज्य के नारायणपुर जिले में सक्रिय सात महिलाओं सहित 29 नक्सलियों ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। ये सभी नक्सली कुतुल एरिया कमेटी के सदस्य थे। आत्मसमर्पण करने



नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चलाये जा रहे पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान और अति संवेदनशील अंदरुनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से नक्सलियों पर दबाव बना है। साथ ही नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर 29 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें सात महिला नक्सली शामिल है। यह सभी नक्सली माड़ डिवीजन के कुतुल एरिया कमेटी के अन्तर्गत सक्रिय रहे हैं।

## हरिद्वार में साढ़े छह लाख श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार में मौनी



अमावस्या पर विभिन्न राज्यों से आये साढ़े छह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान किया। हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों पर दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुआ गंगा स्नान का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि सायंकाल हरकी पैड़ी पर होने वाली गंगा आरती तक साढ़े छह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां गंगा में पवित्र डुबकी लगाई और मंदिरों में जाकर पूजन अर्चन किया।

**झारखंड कैबिनेट का फैसला. नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति**

# सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं। बैठक के बाद अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं



अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमानना वाद संख्या 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद डब्लूपीएस नंबर 7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त को वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी ) दर में वृद्धि (12.00 प्रतिशत के स्थान पर 18.00 प्रतिशत) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ₹झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना लागू करने की मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय, डब्लूएस नंबर 4074/2016, रश्मि प्रसाद बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा डब्लूपीएस नंबर 4418/2016, दीपक कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य वाद में 23 जनवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में वादी की स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति के अनुमोदन के लिए गैर-सरकारी सहायता प्राप्त भाषायी अल्पसंख्यक विद्यालय, श्री डोरण्डा बालिका उच्च विद्यालय, में सहायक शिक्षकों के दो छाया पद, 26 फरवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2017 तक की अवधि के लिए सृजन की स्वीकृति दी गई।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)